हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

04 राशन में गड़बड़ी पर सवाल धूल–मिट्टी मिला...



08 बैठक में पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य रहे...





## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा आश्रम में तुलसी पूजन दिवस



**सीहोर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा गुरूवार को भव्य तुलसी पूजन दिवस मनाया जाएगा। गणेश मंदिर स्थित आश्रम में श्रावक श्राविकाओं साधकों और श्रद्धालुओं के द्वारा माता तुलसी के पौधे का विधिवत पूजन किया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार योग वेदांत सेवा समिति संतश्री आशाराम बापू आश्रम के द्वारा देश की युवा पीढ़ी को विदेशी कुषित संस्कृति से बचाने और भारतीय सभ्य संस्कृतिक परपराओं के साथ तुलसी के औषधिय गुणों की जानकारी जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आश्रम में तुलसी पूजन दिवस प्रति वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजन तुलसी पत्ती की शक्ति से नागरिकों को अवगत कराऐंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे वरिष्ठजनों के द्वारा पूजन आरती कर किया जाएगा। योग वेदांत सेवा सत्संग संतश्री आशाराम बापू आश्रम समिति के सरंक्षक समाजसेवी सुदर्शन राय,बाबूलाल मिस्त्री,अध्यक्ष केके विश्वकर्मा, कुलभूषण बग्गा, कमल महौर नंदू महाराज,अभिषेक पांडे ने श्रद्धालु नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4209 रुपए जारी


**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। मंगलवार 23 दिसंबर को 4209 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

# जिले में नाम कटने के बाद बचे अब 9 लाख 83 हजार 143 मतदाता, 11 हजार मतदाताओं की मैपिंग अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की राजनीति के चार बड़े चेहरों (सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, इछावर के दिग्गज करण सिंह वर्मा और बुधनी के रमाकांत भार्गव के विधानसभा क्षेत्रों का नया वोट गणित) सामने आ गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी ताजा ड्राफ्ट रोल के अनुसार जिले में अब कुल 9,83,143 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ताजा आंकड़ों के अनुसार आष्टा विधानसभा (विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर) जिले में मतदाताओं के मामले में नंबर वन पर है। यहां सबसे ज्यादा 2,78,160 मतदाता हैं। वहीं बुधनी विधानसभा (विधायक रमाकांत भार्गव) 2,69,068 मतदाताओं के साथ दूसरे स्थान पर है। इछावर (विधायक करण सिंह वर्मा) में 2,24,927 और सीहोर (विधायक सुदेश राय) विधानसभा में 2,10,988 मतदाता दर्ज किए गए हैं।









### 11 हजार मतदाताओं की मैपिंग अटकी

बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि चारों विधानसभाओं में कुल 11,335 मतदाता ऐसे हैं, जो तकनीकी कारणों से साल 2003 की मतदाता सूची से मैप नहीं हो पाए हैं। इन अनमैप मतदाताओं को 2 जनवरी से 9 फरवरी तक नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई मतदाता स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता तो वह अपने परिवार के सदस्य को अधिकृत कर बीएलओ के माध्यम से सत्यापन करवा सकता है।

### दस्तावेजों का ये है पेंच

जिन मतदाताओं का नाम 2003 की सूची से लिंक नहीं है, उन्हें आयु के अनुसार प्रमाण देने होंगे। 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे लोगों को अपना जन्म प्रमाण पत्र या पुराना दस्तावेज देना होगा, जबकि उसके बाद जन्मे मतदाताओं को अपने साथ-साथ माता-पिता के दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नए प्रारूप पर अपनी सहमति जताई और प्रतियों को प्राप्त किया।

### नए नाम जोड़ने का मौका

प्रशासन ने बताया कि जिले में मतदान केंद्रों की संख्या भी 1257 से बढ़कर 1367 हो गई है। नए मतदाताओं के पास अभी भी मौका है कि वे फॉर्म.6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकें। वहीं संशोधन के लिए फॉर्म.8 और नाम हटवाने के लिए फॉर्म.7 का उपयोग किया जा सकता है।

## करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी घपला साफ नजर आ रहा है

# पहाड़नुमा सड़कः बिना बेस तैयार हो रहा ढाई करोड़ का मार्ग, इंजीनियर का अजीब तर्क- बेस की जरूरत नहीं!

### मछली पुल से लुनिया चौराहा तक लापरवाही की हद, बिजली के खंभे हटाए बिना बिछा दी सड़क, मानसून में डूबेंगे घर और मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की जिस सडक़ का इंतजार रहवासी बरसों से कर रहे थे, अब वही उनके लिए मुसीबत का सबब बनने जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा जनता की मांग पर दी गई ढाई करोड़ की सौगात को ठेकेदार और इंजीनियरों की जुगलबंदी ने 'सफेद हाथी' बना दिया है। मछली पुल से लुनिया चौराहा तक बन रही इस सडक़ का निर्माण तकनीकी मापदंडों को ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिससे रहवासी और दुकानदार तनाव में हैं।

बता दें करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी घपला साफ नजर आ रहा है। नियम के अनुसार सडक़ निर्माण से पहले मजबूत बेस तैयार किया जाता है, लेकिन यहां सीधे सडक़ बिछाई जा रही है। रहवासी व दुकानदारों ने जब इस पर सवाल उठाए तो जिम्मेदार इंजीनियरों का गैर जिम्मेदाराना जवाब सामने आया कि बेस की जरूरत नहीं है।





बिना बेस के बनाई जा रही यह सडक़ कितनी टिकेगी, यह बड़ा सवाल है। इसके अलावा सडक़ को इतना ऊंचा कर दिया गया है कि वह 'पहाडनुमा' नजर आने लगी है। सडक़ की ऊंचाई आसपास की दुकानों, घरों और यहां तक कि मंदिरों की दहलीज से भी ऊपर निकल गई है।

### बिजली खंभे भी नहीं हटवाए

निर्माण एजेंसी की मनमानी का आलम यह है कि सडक़ के किनारों पर आ रहे बिजली के खंभों को हटाने तक की जहमत नहीं उठाई गई। ठेकेदार ने बिजली कंपनी से समन्वय किए बिना ही खंभों के आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, जो भविष्य में बड़े हादसों को निमंत्रण दे रहा है। ढाई करोड़ की लागत वाली इस सडक़ के चौड़ीकरण 11 मीटर में न तो ड्रेनेज का सही आकलन किया गया और न ही लेवलिंग का ध्यान रखा गया।

### भारी न पड़ जाए व्यस्ततम मार्ग की अनदेखी

मालूम हो कि यह सडक़ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मंडी जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ती है, जहां रोजाना 5 हजार से अधिक वाहनों का दबाव रहता है। यदि इस व्यस्ततम मार्ग पर गुणवत्ता से समझौता किया गया तो यह न केवल जनता के पैसे की बर्बादी होगी, बल्कि रहवासियों को भी परेशान करेगी।

### बारिश में जलमग्न होगा पूरा इलाका

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सडक़ को असामान्य रूप से ऊंचा करने के कारण अब ढलान घरों और दुकानों की तरफ हो गई है। आगामी बारिश में सडक़ का सारा पानी लोगों के घर और दुकानों तक पहुंचेगा। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के इंजीनियरों की चुप्पी यह बता रही कहीं न कहीं निर्माण एजेंसी को 'अघोषित संरक्षण' प्राप्त है।

**बेस की जरुरत नहीं :** इधर जब इस संबंध में नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली से सडक़ की ऊंचाई को लेकर बात की तो उन्होंने बताया कि सडक़ में बेस की जरुरत नहीं है। तय मापदंड के अनुसार ही सडक़ का निर्माण हो रहा है।

## सीहोर की गलियों में आज भी गूंजती है 'अटल' हंसी, कभी हाथी की सवारी तो कभी गोदाम में बिताए ढाई महीने

**सीहोर।** भारतीय राजनीति के 'शिखर पुरुष' और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज जयंती है। देश उन्हें याद कर रहा है, तो सीहोर के वृद्ध नेताओं की आंखों में यादें बसी हैं। सीहोर का नाता अटल जी से सिर्फ एक नेता और जनता का नहीं, बल्कि एक पारिवारिक आत्मीयता का रहा है। यह वह शहर है जिसने अटल जी को कभी हाथी पर बैठाकर पलकों पर बिछाया तो कभी चोटिल होने पर ढाई महीने तक अपनी गोद में सहेज कर रखा।

वयोवृद्धों के अनुसार किस्सा वर्ष 1958-59 का है, जब अटल जी जनसंघ के एक ओजस्वी युवा नेता हुआ करते थे। सीहोर विधानसभा के उपचुनाव में वे एडवोकेट दीवानचंद महाजन के प्रचार के लिए आए थे। प्रचार के दौरान जब उनका मिनी ट्रक अमलाहा की ओर



बढ़ रहा था, तभी एक मवेशी के सामने आने से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में अटल जी का पैर गंभीर रूप से फ्रैक्चर हो गया। सीहोर के लोग आज भी याद करते हैं कि कैसे पूरा शहर उनके स्वास्थ्य के लिए दुआएं मांग रहा था।

### कभी हाथी, तो कभी ट्रक की सवारी

हादसे के कुछ दिन पहले ही अटल जी को जावर में कार्यकर्ताओं ने बड़े चाव से हाथी पर बैठाकर जुलूस निकाला था। फ्रैक्चर के बाद जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, तब दर्द के बीच भी उनकी हाजिरजवाबी कम नहीं हुई। उन्होंने अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ कहा था अजीब शहर है सीहोर, यहां के लोग कभी हाथी पर घुमाते हैं तो कभी ट्रक में पटक देते हैं।

### गोदाम बना था सियासी ठिकाना

पैर में फ्रैक्चर के कारण अटल जी को ढाई महीने तक सीहोर में ही रुकना पड़ा। उन दिनों शहर में ठहरने के लिए बड़े होटल नहीं थे। ऐसे में सेठ नारायण दास कंपाउंड स्थित सेठ गोवर्धन दास अग्रवाल के एक गोदाम को साफ कर उनके रहने लायक बनाया गया। गजब का जज्बा देखिए कि बिस्तर पर लेटे-लेटे ही अटल जी ने पूरे चुनाव की कमान संभाल ली। वह गोदाम उस समय की 'सियासी चौपाल' बन गया था, जहां से बनी रणनीति का ही नतीजा था कि जनसंघ के प्रत्याशी ने 10 हजार वोटों से बड़ी जीत दर्ज की।

### बड़ा बाजार की वो ऐतिहासिक सभा

वर्ष 1980 में जब वे मुंबई अधिवेशन के लिए जा रहे थे, तब फिर सीहोर आए। बड़ा बाजार की वह ऐतिहासिक सभा आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। वे निर्धारित समय से घंटों पहले आ गए और आम नागरिकों के बीच बैठकर पुरानी यादें ताजा कीं।

## लव जिहादः 16 वर्षीय छात्रा के हाथ में थमाया बुर्का और कहा धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लो

### छात्रा की शिकायत पर आरोपी युवक, माता-पिता और ताऊ के लड़के पर मामला दर्ज




**सीहोर।** जिले के श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम खंडवा में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के दबाव का एक मामला सामने आया है। यहां एक 11वीं कक्षा में पढऩे वाली नाबालिग छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर उस पर मुस्लिम धर्म स्वीकार करने और निकाह करने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी छात्र, उसके माता-पिता और एक अन्य रिश्तेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

दर्ज एफआईआर के अनुसार पीड़िता छात्रा ने महिला थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके साथ पढऩे वाला सहपाठी उमर अली पिछले दो माह से उसे लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी उमर, पीड़िता के पिता के मोबाइल नंबर पर फोन करता था और इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील व गलत कमेंट्स कर शादी के लिए दबाव बनाता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने तीन बार अपने माता-पिता से भी उसकी बात करवाई, जिन्होंने उसे धर्म बदलने के लिए उकसाया।

### बुर्का देकर कहा- मुस्लिम धर्म स्वीकार करों

शिकायत के अनुसार शनिवार 20 दिसंबर को आरोपी जवैद (उमर के ताऊ का लडक़ा) ने पीड़िता का हाथ पकडक़र उसे जबरन बुर्का थमाने की कोशिश की। जवैद ने पीड़िता से कहा उमर के मम्मी-पापा ने मुझे सब बता दिया है। यदि तुम दोनों प्यार करते हो तो तुम्हें मुस्लिम धर्म स्वीकार करना पड़ेगा। मैं तुम दोनों को यहां से भगाकर ले जाऊंगा और निकाह करा दूंगा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

### परिजनों को बताई सच्चाई

आरोपियों की धमकियों से छात्रा बुरी तरह डर गई थी। अंततः उसने हिम्मत जुटाकर सोमवार शाम अपने माता-पिता और भाई को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर महिला थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पुलिस की सख्त कार्रवाई

महिला थाना प्रभारी माया सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी उमर अली, उसके पिता, माता और ताऊ के लडक़े जवैद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## गौ जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं ने गौवंश कत्लखाने को लेकर कराया विरोध दर्ज

# बाइक रैली निकाल कर प्रशासन को दिया बड़ा संदेश पांच दिनों के अंदर बंद कराओ बुचड़ खाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निर्माणाधीन गौवंश कत्लखाने का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं ने भी कत्लखाने को लेकर कड़ा विरोध दर्ज करा दिया है। कार्यकर्ताओं ने बेनर तख्तियों के साथ बलराम जाट के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल कर बडा संदेश प्रशासन को दे दिया है।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए गौ भक्त कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्टर बालागुरू के नाम का ज्ञापन गौ सेवक अरूण मेवाड़ा के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर अरविंद परमार को दिया है। ग्रामीण गौ रक्षा सेवा संकल्प के साथ दोराहा जोड़ से बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। सेमरादांगी मुगांवली जमुनिया रोड से बाइक रैली भोपाल नाका पहुंची और प्रदर्शन किया गया। ग्राम सतपोन में प्रस्तावित निर्माणाधीन गौवंश कत्लखाना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणजनों और गौ भक्तों में आक्रोश बढ़ता ही चला जा रहा है। ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के अरूण मेवाड़ा ने बताया कि गाय माता की अत्याधिक दयनीय स्थिति है, गौ माता के अस्तित्व संकट खड़ा हो गया है। गौ माता के संरक्षण के



कठोर कानून नहीं होने से गाय संकट में है। ऐसे हालातों में शासन प्रशासन के द्वारा सतपोन में गौवंश कत्लखाना खोलने की अनुमति देना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

प्रदर्शन में शामिल बलराम जाट ने कहा कि ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं की मध्य प्रदेश सराकर से मांग है कि ग्राम पंचायत सतपोन में खुलने वाले अवैध बूचडख़ाना को बंद किया जाए। गौशालाओं की दूर्दशा सुधारी जाए। अधिकारियों के द्वारा ओचक निरीक्षण किया जाए। ग्रामीण अंचल से कोई भी ग्रामीण द्वारा गौ-माता को भगाए तो कानूनी कार्यवाही की जाए। गौ माता के लिए गौचर भूमि की व्यवस्था की जाए। सड़क दुर्घटनाओं में घायल गौवंश को गौशाला में स्थान



दिया जाए और गौहित में गौशालाओं की संख्या में बढोतरी की जाए।

प्रदर्शन में सुरेश विश्वकर्मा,सुदीप प्रजापति,डॉ गगन नामदेव,तिलक खाती,शिवम दास,मनीष मीणा, दीपक राजपूत, अंकित मेवाड़ा, शेखर मीणा सुनील मीना,अनिल परमार, मोनू मेवाड़ा, रामकेश मीना,अनिल परमार, राकेश पटेल, कमल लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम छापरी में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले के विकासखण्ड भैरूंदा के ग्राम छापरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. रुचिरा उईके के निर्देशन में किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के दंत स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान कुल 55 छात्र-छात्राओं की फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 12 विद्यार्थियों में डेंटल फ्लोरोसिस के प्रकरण पाए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को दंत स्वच्छता, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग तथा फ्लोरोसिस से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई।

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर मिला स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ



**सीहोर।** जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वी.एच.एन.डी.) के अवसर पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान बच्चों का नियमित टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

### वर्मा को श्रद्धांजली अर्पित की

**सीहोर।** शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरके वर्मा, महेश कुमार वर्मा, डॉ. सुरेश कुमार वर्मा के पिता स्व.सूरज प्रसाद वर्मा के निधन पर शहर के एक निजी गार्डन में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया था। इस मौके पर संस्कार मंच सहित अन्य ने स्व. श्री वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा और धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, ओमदीप, दामोदर राय, राजेन्द्र राजपूत, राजेश परिहार आदि शामिल थे। इस मौके पर समाजसेवी ओमदीप ने कहाकि स्व.श्री वर्मा सरल, सहज और मिलनसार थे, उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजली सभा का कार्यक्रम बुधवार को किया गया था।

## तुलावटी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# तौल की मनमानी पर ब्रेक, दूसरी ओर तुलावटियों की हड़ताल से मंडी ठप

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ई-अनुज्ञा पोर्टल पर तौल की एंट्री केवल अनुज्ञप्तिधारी तुलावटी ही करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



ई-मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए जहां शासन स्तर पर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर तुलावटी हड़ताल ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। तौल प्रक्रिया को लेकर जारी अव्यवस्थाओं के बीच किसान न सही दाम पा रहे हैं और न ही समय पर अपनी उपज बेच पा रहे हैं।

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ई-अनुज्ञा पोर्टल पर तौल की एंट्री केवल अनुज्ञप्तिधारी तुलावटी ही करेंगे। किसी भी स्थिति में व्यापारियों को तौल दर्ज करने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड का कहना है कि कई मंडियों से शिकायतें मिली थीं कि व्यापारी खुद तौल दर्ज कर रहे हैं, जिससे वजन में गड़बड़ी, भुगतान में देरी और किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

### किसान हित में आदेश, पारदर्शिता का दावा

नए निर्देशों के बाद किसानों को उपज की सही तौल, डिजिटल रिकॉर्ड में पारदर्शिता और समय पर भुगतान मिलने की उम्मीद जगी है। बोर्ड ने साफ किया है कि यदि किसी मंडी में तुलावटी उपलब्ध नहीं हैं या तकनीकी दिक्कत आती है, तो मंडी समिति के कर्मचारी तौल की एंट्री करेंगे, लेकिन व्यापारी किसी भी हाल में यह काम नहीं करेंगे। संयुक्त संचालक स्तर पर निरीक्षण कर व्यवस्था को शत-प्रतिशत लागू कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### तुलावटी हड़ताल से भैरूंदा मंडी में नीलामी बंद

इधर, कृषि उपज मंडी भैरूंदा में तुलावटी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के चलते




मंडी में नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह बंद हो गई है। मंडी प्रशासन ने किसानों को सोमवार तक मंडी में उपज नहीं लाने की अपील की है, जिससे दूर-दराज से आए किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

### बैठक बेनतीजा, मांगों पर नहीं बनी सहमति

मंगलवार को मंडी प्रशासन, किसान संगठनों, व्यापारियों, तुलावटी और तहसीलदार की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक में पारदीपुरा मंडी प्रांगण के समतलीकरण, नीलामी व्यवस्था, अस्थाई तोल काटों के लाइसेंस सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। दो अतिरिक्त अस्थाई तोल काटे देने का निर्णय भी लिया गया, लेकिन तुलावटी अपनी मुख्य मांग—तौल पर्ची बनाने के बदले भुगतान—पर अड़े रहे। सहमति नहीं बनने पर तुलावटी हड़ताल पर चले गए।

### उप मंडियों में पहुंचे किसान, दाम गिरने का आरोप

बुधवार को बड़ी संख्या में मक्का किसान गोपालपुर और लाड़कई उप कृषि मंडी में पहुंचे, जहां उन्हें अपेक्षित दाम नहीं मिले। किसानों का आरोप है कि एक दिन पहले मक्का 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल बिकी थी, जबकि दूसरे दिन बुधवार को 1300 से 1400 रुपये में खरीदी हुई। किसानों ने व्यापारियों और मंडी प्रशासन की मिलीभगत से दाम गिराने का आरोप लगाते हुए उपज बेचने से इनकार कर दिया और फसल वापस ले जाने की बात कही। हालांकि कुछ किसानों ने दुबारा नीलामी प्रक्रिया में अपने वाहन खड़े किए गए थे।

### प्रशासन ने दिया समाधान का भरोसा

एसडीएम सुधीर कुशवाह का कहना है कि शासन के नियमानुसार ही मंडी व्यवस्थाएं संचालित की जाएंगी और व्यापारियों व तुलावटी दोनों पक्षों से चर्चा कर जल्द समाधान निकाला जाएगा, ताकि नीलामी प्रक्रिया दोबारा शुरू हो सके।

## राशन में गड़बड़ी पर सवाल धूल-मिट्टी मिला गेहूं थमाया हितग्राही ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर के सुभाष कॉलोनी वार्ड क्रमांक 1 स्थित राशन दुकान क्रमांक–2 पर हितग्राही को धूल–मिट्टी मिला गेहूं दिए जाने का मामला सामने आया है। गुणवत्ता को लेकर उठे इस सवाल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुभाष कॉलोनी निवासी आनंद राठौर जब दुकान पर राशन लेने पहुंचे, तो उन्हें गेहूं में साफ तौर पर धूल–मिट्टी मिली हुई नजर आई। हितग्राही ने जब आपत्ति जताई कि यह राशन खाने योग्य नहीं है, तो दुकान के सेल्समेन राकेश पंवार ने कथित तौर पर जवाब दिया कि "दुकान में ऐसा ही राशन आया है, लेना है तो लो, नहीं तो मत लो।" इस रवैये से आक्रोशित होकर आनंद राठौर वही राशन लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसील कार्यालय में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गेहूं दिखाया गया, जिसके बाद सेल्समेन को भी बुलाया गया। पूछताछ में सेल्समेन ने कहा कि गेहूं इसी स्थिति में प्राप्त हुआ है। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी बहस भी हुई। बाद में गेहूं बदलने की बात सामने आई, लेकिन हितग्राही ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देने की बात कहते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। हितग्राही ने कहा कि गरीब परिवारों को मिलने वाला राशन यदि इस तरह दूषित होगा, तो स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है और खाद्य विभाग द्वारा जांच कर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अटल जयंती पर जनपद पंचायत में सुशासन शपथ, ईमानदारी व जनसेवा का संकल्प



**भैरूंदा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को जनपद पंचायत भैरूंदा परिसर में सुशासन शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अटल जी के आदर्शों और उनके द्वारा प्रतिपादित सुशासन की अवधारणा को आत्मसात कर शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाना रहा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत भैरूंदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का सार्वजनिक जीवन सादगी, पारदर्शिता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ करें तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित और संवेदनशील समाधान को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि निरंतर आचरण का विषय है, जिसे व्यवहार में उतारना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जनपद पंचायत भैरूंदा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सुशासन के सिद्धांतों का पालन करते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अटल जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया गया।

## किसानों ने चंदा कर पीड़ित परिवार को सौंपे 41 हजार रुपए

**सीहोर।** ग्राम पाटनी में बीते दिनों हुए भीषण अग्निकांड ने दो परिवारों की पूरी दुनिया उजाड़ दी थी। देखते ही देखते घर, अनाज, कपड़े, ज़रूरी दस्तावेज और जीवन भर की कमाई आग की भेंट चढ़ गई। लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान झेल रहे इन परिवारों के पास अब सिर ढकने को छत तक नहीं बची।तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब न कोई अधिकारी मौके पर पहुँचा और न ही कोई जनप्रतिनिधि पीड़ितों का हाल पूछने आया, तब ग्राम पाटनी, चंदेरी और बिलकिसगंज के किसानों का दर्द सडक़ों पर उतर आया।

समाजसेवी एवं किसान एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीहोर तहसील में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और फिर कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन देकर मांग रखी कि पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए और उन्हें प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि प्रशासन की चुप्पी के बीच ग्रामीणों ने खुद आगे बढक़र पीड़ितों की मदद की। किसी ने ₹100 दिए, किसी ने ₹500, किसी ने ₹1000 और इस तरह गांव वालों ने ₹41,000 की राशि इकट्ठा कर पीड़ित



परिवारों को सौंपी। ग्रामीणों का कहना है कि इस समय पीड़ितों की हालत ऐसी है कि पहनने को एक जोड़ी कपड़ा तक नहीं बचा, बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है, और पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। ग्राम पाटनी के किसानों ने मिलकर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार एवं नायब तहसीलदार अविनाश सोनानिया को ज्ञापन देकर विगत दिनों हुई भीषण आगजनी के कारण अधिक से अधिक आर्थिक सहायता देने एवं पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की गई। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने कहा कि आस-पास के ग्राम बिलकिसगंज,चंदेरी, रामाखेड़ी, पाटनी सहित अन्य गांव के किसानों ने राशन पानी के लिये राशि एकत्रित कर कुल 41 हजार का चंदा एकत्रित का पीड़ित परिवार को दिया है।

## समेरिटंस बायां में वार्षिक कार्यक्रम आरोहण आयोजित



**बायां।** समेरिटंस विद्यालय बायां में वार्षिक कार्यक्रम आरोहण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में तहसीलदार बुधनी ललित सोनी, थाना प्रभारी रेहटी राजेश कहारे, बीआरसी मणिशंकर शर्मा, ब्रह्मकुमारी नीलम दीदी उपस्थित रही। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, माटी की धरोहर और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों ने दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए डायरेक्टर डॉक्टर आशुतोष कुमार शर्मा और डॉ नीलम शर्मा ने संस्था प्राचार्य अपर्णा तिवारी और स्टाफ को बधाई दी।

### अवैध रेत खनन पर सख्ती: देर रात कार्रवाई में दो जेसीबी जब्त

**भैरूंदा।** अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील क्षेत्र के दो रेत घाटों पर दबिश देकर अवैध रूप से रेत उत्खनन में लगी दो जेसीबी मशीनें जब्त कीं। कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी क अनुसार यह कार्रवाई तहसील के ग्राम चोरसाखेड़ी एवं छीपानेर स्थित रेत घाटों पर की गई। दोनों स्थानों पर बिना वैध अनुमति के रेत उत्खनन किया जा रहा था। मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति का मुआयना कर तत्काल दोनों जेसीबी मशीनों को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा एवं नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी के नेतृत्व में की गई, जिसमें राजस्व अमले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## सांदीपनि विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया गया

# छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य व नाटक का किया मंचन, दर्शकों ने जमकर सराहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में मंगलवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना , नप अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, जपं अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल , उपाध्यक्ष नीलू शंकर जायसवाल , पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भगीरथ नागर, मंडल अध्यक्ष सौबाल सिंह , अनिल चौहान आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान "गणित के दर्शन, एक भारत श्रेष्ठ भारत" तथा विभिन्न विषयों पर आधारित सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसकी अतिथियों द्वारा जमकर सराहना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गणित विषय पर आधारित नाटक, नृत्य, भाषण एवं कविता पाठ प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त वार्षिक उत्सव के अंतर्गत लगभग 16 विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभावशाली व मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। जिनमें भारतीय संस्कृति पर आधारित नाटक एवं समूह नृत्य प्रमुख रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

छात्र जीवन में अनुशासन और परिश्रम जरूरी - कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संस्कार बेहद जरूरी है। इनके बिना मंजिल तक नहीं पहुंचा जा सकता है। विद्यार्थियों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया । साथ ही विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्य रविंद्र कुमार शर्मा द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मती मंजू राठौर, ओमप्रकाश सेन , कविता केलोदिया, जगदीश गुजराती कपिल ठाकुर, आकाश ताम्रकार, जितेंद्र परमार, चेतन सोलंकी, रमेश मालवीय आदि स्टाफ के साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन पंडित प्रमोद शर्मा ने किया ।

## रेहटी पुलिस ने 24 घंटे में हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया



**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए रेहटी थाना क्षेत्र में घटित हत्या की घटना का खुलासा करते हुए 24 घंटे के अन्दर आरोपी को घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी सहित गिरफ्तार किया है। फरियादी रामराज कीर पिता स्व.रामप्रसाद कीर उम्र 40 साल निवासी ग्राम मट्टागाँव थाना रेहटी जिला सीहोर ने रिपोर्ट किया कि 22 दिसंबर की रात्रि 9.00 बजे मेरे भाई धनराज कीर उम्र 50 साल निवासी मट्टागांव की जमीन विवाद एवं पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मनीष कीर ने अन्य साथी के साथ मिलकर कुल्हाडी से जान लेवा हमला कर हत्या कर दी हैं । रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम मठ्ठागांव से आरोपी को गिरफ्तार किया और कोई तक के आधार पर घटना में प्रयुक्त की गई कुल्हाड़ी को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। एवं मामले का एक अन्य आरोपी फरार है।जिसकी तलाश जारी है ।

लाखों का चूना लगा रहे व्यापारी, गेटपास न होते हुए भी कृषि मंडी से कैसे निकल रही गाड़ियां

# बिना नंबर की नई गाड़ियों से प्याज लहसुन की हो रही अवैध सप्लाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-सारंगपुर

एक तरफ किसानों को अपनी फसलों के उचित दाम तक नहीं मिल पा रहे, वहीं दूसरी ओर कृषि मंडी सारंगपुर के व्यापारी मंडी टैक्स बचाकर और सरकार को चूना लगाकर अपनी आय बढ़ाने में लगे हुए हैं। हालात यह है कि प्याज व लहसुन की सबसे ज्यादा आवक वाली मंडी को ग्रहण लगाया जा रहा है और वो भी अधिकारियों की नाक के नीचे।

कृषि उपज मंडी सारंगपुर से बिना अनुज्ञा (परमिट) के लाखों रुपए की प्याज की सप्लाई किए जाने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि यह प्याज कंपनियों को या दूसरे व्यापारियों तक नई बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों में भरकर भेजी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंडी परिसर में खुलेआम ट्रकों और पिकअप वाहनों में प्याज लोड की जा रही है, जिन पर न तो पंजीयन नंबर अंकित है और न ही किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इस तरह बिना गेटपास के ही कई गाडियां मंडी से निकाली जा रही है देखने दिखाने के लिए व्यापारी द्वारा कुछ गाडियों अनुज्ञा बनवा ली जाती है जिससे ऐसा प्रतीत हो की सब कुछ नियमानुसार ही चल रहा है।

### व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा कारोबार !

खुलेआम बिना नंबर की लोडिंग गाडियों में भर कर यह प्याज अंतरराज्यीय व्यापारियों तक पहुंच रही हैं। बताया तो यहां तक भी जाता है कि इसको निर्यात भी किया जाता है। ऐसे में देखना यह है कि क्या व्यापारीयों द्वारा एक्सपोर्ट करने संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है या नहीं। बताया जा रहा है कि इस पूरे खेल में कुछ व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत है, जिसके चलते नियमों को ताक पर रखकर अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

### बिचौलिए और व्यापारियों के बीच हो रहा किसान का शोषण

स्थानीय किसानों का आरोप है कि इस अवैध सप्लाई से उन्हें उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि मुनाफा बिचौलियों और बाहरी व्यापारियों की जेब में जा रहा है। वहीं शासन को भी टैक्स और शुल्क के रूप में भारी राजस्व हानि हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मंडी से बाहर जाने वाली सभी गाड़ियों की सघन जांच हो तथा बिना अनुज्ञा और बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो यह अवैध कारोबार और भी व्यापक रूप ले सकता है, जिसका खामियाजा किसानों और शासन दोनों को भुगतना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

आपके द्वारा जानकारी दी गई है। मैं दिखवाता हूं।
**राजेश खरे, सचिव कृषि उपज मंडी सारंगपुर**

गुरु सिंह सभा कमेटी व माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

# वीर बाल दिवस पर रक्तवीरों ने किया 61 यूनिट रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु सिंह सभा कमेटी एवं माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण सिंह छाबड़ा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि रेड क्रॉस समिति से जिला सचिव संजय शेखर शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आभार धर्मेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने चारों साहिबजादों के शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में रामकिशन सलूजा, रणजीत सिंह सलूजा, संतोष सिंह अजवानी, सतपाल सिंह अरोरा, महेंद्र शाक्यवार, दिलबर यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवा के ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

मंगलवार को शासकीय कन्या हाई सेकंडरी स्कूल में मतदाता सूची का प्रथम चरण का बीएलओ द्वारा किया गया। वार्ड क्रमांक 10 11 12 मतदान केंद्र 153 वार्ड क्रमांक 13 14 15 मतदान केंद्र 159 160 पार्षद और बीएलए उपस्थित रहे। आज से 22 जनवरी तक नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस मौके पर वार्ड 10 के पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश पालीवाल वार्ड 12 श्याम पालीवाल पूर्व पार्षद प्रवीण पालीवाल रघुवीर मेहर पदम राजपूत उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ का संदेश दिया

# नगर में चल रहे सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में मानव श्रृंखला बनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर के सभी शासकीय अशासकीय विद्यालय ने पंच परिवर्तन एवं स्वदेशी जागरण विषय को लेकर मानव श्रृंखला जो नगर के एक छोर रनारा जोड चौराहे से लेकर दूसरे छोर कृषि उपज मंडी गेट तक बनाई। नगर के सभी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर कृष्ण वैली स्कूल सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रखर कॉन्वेंट स्कूल रविंद्र कान्वेंट स्कूल जय हिंद अकैडमी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लेकर स्वदेशी अपनाओ विदेशी हटाओ अपने देश में बनी चीजों का इस्तेमाल करो और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करो जो भारत में आत्मनिर्भरता और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय आह्वान है जो आर्थिक स्वतंत्रता एवं रोजगार सृजन और राष्ट्रवाद की भावना मन में जागृत करता है छापीहैड़ा बस स्टैंड स्थित सकल हिंदू समाज वर्ग के प्रबुद्ध जनों ने विदेशी चीजों को जलाकर संदेश दिया स्वदेशी अपनाओ का नारा लगाया और विदेशी चीजों को जलाकर यह संदेश दिया। तथा बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल थे। थाना छापीहेड़ा टीआई संगीता शर्मा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहीं। वही बाद में मोहित गुप्ता ने कहां भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वदेशी आंदोलन 1905 से जुड़े जिसमें ब्रिटिश उत्पादों का बहिष्कार कर भारतीय सामानों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया था और यह नारा आज भी आत्मनिर्भर भारत के लिए सार्थक रूप ले रहा है जिसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता है। जिसमें मुख्य नारे स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ और विदेशी वस्तुओं का त्याग करो एक जुटता के साथ स्वदेशी अपनाओ कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सकल हिंदू समाज को स्वदेशी अपनाओ पर जोर देते हुए विराम दिया।

जनसुनवाई में अधिकारियों को अपर कलेक्टर ने कहा - करें आवश्यक कार्रवाई

# विधवा और वृद्ध पेंशन के तुरंत समाधान के लिए दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कालाखेत निवासी ब्रिजेश बाई ने बताया कि आवेदिका को पिछले माह से किसी कारणवश आवेदिका को विधवा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। इसी तरह ग्राम फतेहपुर निवासी मेहताब सिंह भिलाला ने बताया कि आवेदक के पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है और साथ ही आवेदक को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा हैं। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है।

खिलचीपुर निवासी भेरूंसिंह ने बताया कि आवेदक का मकान कच्चा तथा क्षतिग्रस्त हो गया हैं। साथ ही सभी ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है। परन्तु आवेदक को आज दिनांक तक उक्त योजना का लाभ किसी कारण वश नहीं मिल पा रहा हैं। ग्राम रामपुरिया निवासी नागा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर सोयाबीन की फसल उगाई गई थी, जो खराब मौसम होने के कारण फसल क्षति हो गई है। जिसका मुआवजा आवेदक को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पुरा खेरखेडी निवासी हल्कूबाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में वृद्ध पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। परन्तु वर्तमान में आवेदिका को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम गेहूं खेडी निवासी जगदीश सिंह सौधिया ने बताया कि आवेदक की कृषि भूमि तक सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था जन संसाधन विभाग द्वारा नहीं की गई है जिससे आवेदक की फसल को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। अपर कलेक्टर द्वारा ईई मोहनपुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# वार्ड के विकास व निर्माण कार्यों को लेकर मुख्य नपाधिकारी से चर्चा की



**कालापीपल।** नगर परिषद पानखेड़ी कालापीपल द्वारा वार्ड क्रमांक 5 के साथ किए जा रहे कथित सौतेले व्यवहार एवं निकाय के जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी में हो रहे अतिक्रमण को लेकर वार्ड क्रमांक 5 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड की पार्षद अनिता भगवत राजपूत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बद्रीलाल पुरबिया को पत्र देकर चर्चा की। पार्षद ने चर्चा के दौरान अपने वार्ड में प्रस्तावित विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी चाही, साथ ही भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत 2.0 योजना अंतर्गत निर्माणाधीन ग्रीन स्पेस उद्यान की प्रगति के संबंध में प्रश्न किए। पार्षद ने आरोप लगाया कि इससे यह स्पष्ट होता है कि वार्ड क्रमांक 5 के आम नागरिकों के साथ नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में शासकीय भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा खुलेआम अतिक्रमण किया जा रहा है, जिस पर नगर परिषद द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद द्वारा वार्ड में आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्यों की लगातार अनदेखी की जा रही है। कालापीपल पानखेड़ी नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी बद्री लाल पुरबिया का कहना है कि वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद का कहना गलत है वही बार-बार कार्य में बाधा डालते हैं और कार्य नहीं करने देतीं।

# जिले में भी बंद पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने किया चिन्हित



**ब्यावरा-राजगढ़।** साफ्ट रिचार्ज जलपुनर्भरण की इस विधि से कम समय में ट्यूबवेल को रिचार्ज किए जा सकते हैं। पी.एच.ई. द्वारा राजगढ़ जिले में भी बंद पड़े ट्यूबवेल को रिचार्ज करने हेतु चिन्हित किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चिन्हित ट्यूबवेल को रिचार्ज करने का कार्य पंचायतों द्वारा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभी सभी जनपद पंचायतों में 10-10 कार्य प्रारंभ किए जा रहे है। पूर्व वर्षों में भी इस तरह के पुनर्भरण के कार्य किए गए है। जिससे वाटर लेवल बढ़ा है। जनपद पंचायतों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा अपनी देखरेख में उक्त कार्य कराए जा रहे है। जिससे आगामी वर्षा ऋतु में वाटर लेबल बढ़ेगा।

# विज्ञान मेले में छात्रों की नवाचार क्षमता ने किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को जिला स्तरीय विज्ञान मेला लगाया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अतुल शाह, एसएटीआई के प्रोफेसर केके पंजाबी मौजूद रहे। समापन पर विधायक मुकेश टंडन भी पहुंचे। मेले में जिले के 7 विकासखंडों से कुल 56



प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय विज्ञान मेले में छात्रों की नवाचार क्षमता से जनप्रतिनिधि प्रभावित हुए। निर्णायक मंडल द्वारा 3 विधाओं में परिणाम घोषित किए गए। कृषि नवाचार में प्रथम हर्षित रैकवार संदीपनी बरईपुरा व द्वितीय महिमा लोधी शासकीय उमावि अहमदपुर रहीं।

नवीन विज्ञान में प्रथम विकास साहू संदीपनी विदिशा व द्वितीय तनीषा सेन कन्या सिरोंज रहीं। दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग में प्रथम पवन अहिरवार उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा व द्वितीय विपिन धाकड़ नटेरन रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच की सराहना की।

# विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में विधायक हजारीलाल दांगी ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न नवनिर्माण कार्य होना है इसको लेकर भुमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विधायक हजारीलाल दांगी ने टीन शेड, बाउंड्री वॉल, आरसीसी रोड, पैरापेट वाल आदि का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन में महाविद्यालय प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा, शंकरलाल दांगी, पंडित अनुपम आचार्य, प्रो ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ सचिन शर्मा, बंसीलाल जाटव, शिवनारायण वर्मा, कपिल वैष्णव, दिनेश कुमार दांगी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस महाविद्यालय की शुरुआत जन भागीदारी से निर्माण भवन करके अब विशाल भवन एवं सर्व सुविधा विद्यार्थियों के लिए है जिसमें लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल का त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित, 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल किए गए वितरित

# रैली निकालकर किया बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा मंगलवार को मां वैष्णोदेवी मंदिर परिसर ब्यावरा में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल देकर संगठन के प्रति समर्पण की भावनाओं की दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में शहर में आक्रोशित रैली निकाली और स्थानीय पीपल चौराहा पर हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार को लेकर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया। मां वैष्णोदेवी मंदिर परिसर में बजरंगदल द्वारा आयोजित किए गए त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्रसिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया,उसी तरह हमें समर्पित भाव से भारत माता की रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद एक महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के संत थे, जिन्होंने अपना जीवन वैदिक धर्मप्रचार, शिक्षा सुधार और शुद्धि आंदोलन चलाकर हिन्दू समाज को संगठित करने में किया, 23 दिसम्बर 1926 को अब्दुल रशीद नामक व्यक्ति ने उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल वितरित किए गए। कार्यक्रम के बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही बर्वरता के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर स्थानीय पीपल चौराहा पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया।

इस मौके पर बजरंगदल प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि एक हिन्दू युवक की यह अमानवीय हत्या कोई अकेली घटना नही है, बल्कि पूरे बांग्लादेश में अल्प संख्यकों के खिलाफ बढ़ती असुरक्षा, भय और व्यवस्थित उत्पीड़न का भयावह प्रतिबिंब है। ऐसे हालात में भारत मूक दर्शन बना नही रह सकता और न ही रहना चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कूटनीतिक, राजनीतिक और मानवीय उपाय करें। त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में बाल संत कामेशकृष्ण महाराज, आचार्य द्वारिकाप्रसाद, प्रांत मंत्री नवलसिंह भदौरिया, मातृशक्ति प्रांत सहसंयोजिका रिंकू सुनेरी, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, विभाग सेवा प्रमुख डॉ. अशोक अग्रवाल, विभाग संयोजिका रीना चौधरी सहित जिला, प्रखंड पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने आदिवासी बस्ती में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

**कुरवाई।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत ग्राम इमलिया में विधायक हरिसिंह सप्रे ने डीपी का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद वह आदिवासी बस्ती में पहुंचे। जहां उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों के साथ पारंपरिक भोजन कढ़ी, भाजी, लहसुन की चटनी ज्वार की रोटी खाई। शासन की योजनाओं की जानकारी दी। विधायक सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य आदिवासी अंचलों में मूलभूत सुविधाओं को सशक्त करना है। सरकार हर समाज और हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा आदिवासी क्षेत्रों में बिजली, सड़क, पानी और आवास जैसी सुविधाएँ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, जेई मदन अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन व समरस भोज का आयोजन आज

**आष्टा।** आस्था की नगरी आष्टा में आज शास्त्री बस्ती का भव्य हिन्दू सम्मेलन सुबह 10.30 से आयोजित होगा, कार्यक्रम के प्रारंभ में विशाल कलश यात्रा सियाराम पैलेस पहुचेंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरू रामस्वरूपाचार्य जी महाराज, कामतानाथ,चित्रकूट धाम का आथित्य ओर उद्धबोधन प्राप्त होगा, उसके पश्चात सम्मेलन में अन्य वक्ताओं को भी सुनने का अवसर मिलेगा ओर अंत में सभी सह भोज प्राप्त कर अपने अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार नगर की अन्य चारो बस्तियों में भी हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन शास्त्री बस्ती के सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में संपन्न होगा।

### जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आज से

**सीहोर।** चर्च मैदान पर पूर्व पीएम अटल बिहारी की स्मृति में गुरुवार से जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसको लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए एक समिति का गठन किया है। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को प्रतियोगिता का पहला मैच सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में पांच टीम को शामिल किया गया है। 25 दिसंबर से आरंभ होने वाली प्रतियोगिता का फाइनल 31 दिसंबर को किया जाएगा।

### शहर के छावनी में नानीबाई का मायरा, आज किया जाएगा समापन

# भक्त और भगवान के संबंध को समझना है तो नरसी को सुनने का प्रयास करें: त्रिवेदी

शहर के छावनी स्थित श्री कुईया गार्डन में जारी तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा में आचार्य पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी ने कथा का किया वर्णन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जीवन में भक्त और भगवान के संबंध को समझना है तो नरसी को सुनने का प्रयास करें। आज मोक्ष से भी बडा है भगवान का भजन। आज बिगड़े काम देखने के लिये तो भीड़ इकट्ठी हो जाती है लेकिन भागवत कथा या राम कथा सुनने के लिये समय नहीं होता है। ऐसे में भगवान से संबंध कैसे जुड़ेंगे। कलियुग में जिसने तमोगुण छोड भक्ति गुण अपनाया वह ठाकुरजी के निकट पहुंच गया। शहर के छावनी स्थित श्री कुईया गार्डन में जारी तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा में आचार्य पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी ने कहे। बुधवार को दूसरे दिन आचार्य पंडित श्री त्रिवेदी ने कहाकि पितृपक्ष के दौरान धुंधकारी और गोकर्ण की कथा सुनाने का महत्व यह है कि यह कथा कर्मों के परिणामों और भागवत कथा के महत्व को बताती है। इस संबंध में आयोजन समिति की ओर से अमित कुईया ने बताया कि गुरुवार को नानी बाई मायरा की कथा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी और उसके पश्चात शाम को भव्य शोभा यात्रा के साथ विश्राम किया जाएगा।

आचार्य पंडित श्री त्रिवेदी ने कहाकि धुंधकारी अपने दुराचार और पापाचार के कारण प्रेत योनि में भटका, लेकिन उसके भाई गोकर्ण ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कर, श्रवण और मनन के माध्यम से उसे मुक्ति दिलाई। धर्म और अधर्म के फल क्या होते हैं और कैसे भक्ति और सत्संग से पापी भी मोक्ष पा सकते हैं, भले ही उन्होंने कितना भी पाप किया हो। मरने के बाद मुक्ति होगी या नहीं होगी, यह मैं नहीं जानता क्योंकि श्रीमद् भागवत की कथा में बताया गया है कि धुंधकारी जब मरा, तो धुंधकारी का भाई गोकर्ण ने गया में जाकर अनेक बार उसका श्राद्ध किया, फिर भी उसको मुक्ति नहीं मिली।

### भगवान जो भी करता है वह सब अच्छा करता है: पं. त्रिवेदी

आचार्य पंडित श्री त्रिवेदी ने कहाकि अगर भक्ति करोंगे तो परमात्मा और माया अपने आप आपके पीछे-पीछे दौड़े आएंगे। अगर आप माया के पीछे दौड़ोंगे तो ना तो भगवान को प्राप्त कर सकते हो और ना ही माया को। उन्होंने कहा कि भगवान जो भी करता है वह सब अच्छा करता है। आप इनको स्वीकार करों क्योंकि जब आपका कोई बुरा होता है तो समझ लेना कि इसमें तुम्हारा कोई अच्छा होने वाला है इसलिए इसे परमात्मा का प्रसाद मानकर स्वीकार करो। जीवन में और कोई साधन करो ना करो, लेकिन भक्ति करते रहो। भक्ति भगवान की कृपा के द्वारा मिलती है। भगवान से कुछ मांगना है तो यह मांगों कि हे प्रभु तुम्हारी भक्ति हमसे नहीं छूट जाए। अभिमान मत करना क्योंकि अभिमान ही व्यक्ति को पतन की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि यह हमारा शरीर एक धर्मशाला है। एक दिन हमें इस धर्मशाला को खाली करके जाना ही पड़ेगा। अगर कुछ साथ जाएगा तो प्रभु का नाम ही जाएगा।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्कूल का भ्रमण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय जावर नगर की टीम ने शासकीय सांदीपनि विद्यालय जावर नगर तथा शास्त्री निकेतन विद्यालय जावर में भ्रमण किया। महाविद्यालय की कॉलेज चलो अभियान समिति के प्रभारी भीमसेन मालवीय इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर के अवसर को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेशित होने की पूरी प्रक्रिया को कॉलेज चलो अभियान समिति के सदस्य पुलकित शर्मा ने विस्तार से समझाया।

इसी के साथ ही म.प्र.शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी भीमसेन मालवीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे करियर के लिए कॉलेज की शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज में अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया।


### मेहतवाड़ा में संघ शताब्दी का आज होगा भूमि पूजन



**जावर।** संघ शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारतवर्ष में हिंदू सम्मेलन जन जागृति अभियान चलाया जा रहा है, उसी के अंतर्गत मेहतवाड़ा मंडल की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सकल हिंदू समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में यह तय हुआ की 25 तारीख को श्री राम मंदिर मेहतवाड़ा में भूमि पूजन एवं ध्वजा रोहण किया जाएगा, और 21 जनवरी 2026 को मेहतवाड़ा मंडल का भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें मंडल के अंतर्गत 12 गांव के सकल हिंदू समाज के लोग सम्मिलित होंगे।

## कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से बाल संत प्रियांशु महाराज ने रामचरित मानस का किया गुणगान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ पर पधारे बाल संत प्रियांशु जी महाराज ने अपने श्रीमुख से रामचरित मानस का गुणगान प्रारंभ क्या। आज दशरथ के घर भगवान श्री राम ओर भारत शत्रुघ्न लक्ष्मण का जन्म हुआ, सारी अयोध्या में हर्ष के माहौल व्याप्त है। तेरे बिगड़े बनेंगे काम, फिक्र फिर क्या करना, तेरे सर पर सीताराम फिक्र फिर क्या करना। भजन का गुणगान हुआ। महाराज जी ने बताया कि जीवन का प्रारम्भ क्या है,? सीताराम का साक्षात हृदय मै वास होना। इसके साथ ही बताया कि दुनिया का आनंद वस्तु, भोग, भंडार, धन, दौलत पाने में नहीं, दुनिया का आनंद राम कथा सुनने, कृष्ण भक्ति करने में है । भगवान श्री राम के बाल कांड का वर्णन करते हुए गुरु विश्वामित्र के साथ भ्रमण करते हुए भगवान श्री राम को जनकपुरी यात्रा पर पहुंचे जहां स्वयंवर में माता सीता का वरण की कथा का रसपान कराया। कथा के द्वितीय दिवस मंच पर पधारे संत जगदगुरू रामस्वरूपाचार्य महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से पधारे समस्त श्रोताओं का रसपान कराया, उन्होंने कहा को हर घर घर में रामायण तुलसी होना अनिवार्य है, हम किसी भाषा के विरोधी नहीं है, लेकिन समर्पण हमारी मात्र भाषा देव भाषा और राष्ट्र भाषा पर होने चहिए।

## ग्राम पंचायत के शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासन के निर्देश अनुसार सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बापचा बरामद में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शासन की हितग्राही मुलक योजनाओं की जानकारी दी गई एवं प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर शोभाल सिंह ठाकुर सरपंच नौगांव पीसीओ एस एस पवार सचिव रामचरण गोयल रोजगार सहायक नीरज सिंह ठाकुर जवाल सिंह ठाकुर कृपाल सिंह ठाकुर दिनेश मालवीय राम सिंह बोराना आदि लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसों को रोकने इंदौर-भोपाल हाईवे पर चिन्हित सात ब्लैक स्पॉट पर चलाया जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल (मध्य प्रदेश) के निर्देशानुसार बुधवार को सीहोर जिले में एक व्यापक सड़क सुरक्षा, बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण और यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त नेतृत्व यातायात प्रभारी सूबेदार श्री ब्रजमोहन धाकड़, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार एवं डॉ. सुनील कुमार मालवीय द्वारा किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले के हाईवे पर स्थित एमपी आरडीसी के 07 चिन्हित ब्लैक स्पॉट लसूडिया परिहार जोड़, सैकड़ाखेड़ी जोड़, बिलकिसगंज जोड़, जत्ताखेड़ा जोड़, अमलाहा, कोठरी एवं चाचारसी जोड़ पर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में इन दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के आसपास रहने वाले नागरिकों, ढाबा संचालकों एवं दुकान संचालकों को यह प्रशिक्षण दिया गया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति की सुरक्षित सहायता कैसे की जाए, प्राथमिक उपचार क्या हो, तथा घायल को अस्पताल पहुँचाते समय किन सावधानियों का पालन आवश्यक है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को जीवन रक्षक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे आपात स्थिति में घायलों को शीघ्र सहायता मिल सके और कीमती जानें बचाई जा सकें। साथ ही, सभी ब्लैक स्पॉट्स एवं प्रमुख तिराहों/चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान राहगीरों एवं वाहन चालकों को पंपलेट, पोस्टर एवं स्टीकर वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित राहवीर योजना के संबंध में भी नागरिकों, दुकानदारों एवं ढाबा संचालकों को विस्तार से अवगत कराया गया तथा वाहन चालकों से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की गई। इस संपूर्ण अभियान के अंतर्गत 150 से अधिक लोगों को बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया गया।

1500 से अधिक पंपलेट, पोस्टर एवं स्टीकर वितरित किए गए। यह पूरा सराहनीय कार्य वर्टिस के माध्यम से पुलिस प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति सामुदायिक सहभागिता को सशक्त करने तथा दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी कदम था। इस मौक पर फंदा टोल प्लाजा सी एस आर प्रशासन डीबी सी पी एल कॉरीडोर टीम एवं यातायात पुलिस प्रशासन की उपस्थित थी।

### सुशासन दिवस पर तहसील में शपथ दिलाई गई



**जावर।** सुशासन दिवस के अवसर पर दिनांक 24 दिसम्बर 2025 को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय जावर में सुशासन दिवस की शपथ ली गई। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पारदर्शी, सहभागी एवं जनकल्याणकारी प्रशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ली गई। शपथ तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर तहसील कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मर्यादित वस्तुओं का उपयोग करें, अभक्ष पदार्थों से बचें: आर्यिकारत्न आराधना श्रीजी

**आष्टा।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में विराजमान आचार्य श्रेयांश सागर मुनिराज की परम प्रभाविका शिष्या आर्यिकारत्न आराधना श्रीजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मर्यादित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए तथा अभक्ष पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। फफूंद लगी या अशुद्ध वस्तुओं का उपयोग करने से न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि यह धर्म के भी विपरीत है। उन्होंने कहा कि हमारे पास जिनवाणी का अमूल्य खजाना है, जो हमें हर विषय में सही मार्गदर्शन प्रदान करता है। जिनवाणी के अनुसार संयमित जीवन ही सच्चा धर्म है। जो इच्छा तुरंत पूर्ण हो जाए, उसे चिंतामणि रत्न कहा जाता है, किंतु उससे भी अधिक मूल्यवान है आत्मसंयम और सद्भाव। आर्यिकारत्न आराधना श्रीजी ने जीवदया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंचुआ अपने ही वजन को सहन नहीं कर पाता और उल्टा होने पर उसकी मृत्यु हो जाती है। इससे हमें यह सीख लेनी चाहिए कि प्रत्येक जीव के जीवन में पीड़ा है, इसलिए किसी भी जीव को कष्ट नहीं देना चाहिए। पशु पर्याय में जीवों को अत्यधिक दुःख सहना पड़ता है।

### ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा संपन्न

# बैठक में पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी सभा गीतांजलि गार्डन में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के अध्यक्ष संजय जैन, महासचिव संतोष सराफ, कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल व सीहोर, देवास, खण्डवा, रतलाम, विदिशा, अलीराजपुर, भोपाल, इंदौर, धार, जावरा प्रदेशभर के सभी जिलों से लगभग 60 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे, जिससे बैठक को व्यापक प्रतिनिधित्व एवं गरिमामयी स्वरूप प्राप्त हुआ। सभा में संस्था के कार्य क्षेत्र को और अधिक विस्तार देने, ज्वेलरी व्यापारियों के हितों से जुड़े विषयों पर प्रभावी रणनीति तैयार करने तथा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी वार्षिक सम्मेलन भोपाल में आयोजित किया जाएगा।कार्यकारिणी ने इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया कि विगत वर्ष के कार्यक्रमों की तुलना में संगठन को तहसील स्तर तक जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला एवं तहसील स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, स्थानीय व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा संस्था की पहुंच जमीनी स्तर तक ले जाने हेतु गंभीर और ठोस प्रयास किए जाएंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को व्यापक रूप से बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में महासचिव संतोष सराफ द्वारा उपस्थित व्यापारियों के प्रश्नों के विस्तार से उत्तर दिए गए। विशेष रूप से आष्टा क्षेत्र में साहूकारी (गिरवी) लाइसेंस बनाए जाने के दौरान अनावश्यक एवं नियम विरुद्ध दस्तावेजों की मांग किए जाने के विषय पर उन्होंने स्पष्ट किया कि मध्य प्रदेश साहूकारी अधिनियम 1934 के अंतर्गत जो प्रारूप एवं नियम निर्धारित हैं, उसी के अनुरूप लाइसेंस जारी किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल 2001 को राज्य शासन द्वारा अधिनियम में संशोधन करते हुए एसडीएम, कलेक्टर एवं तहसीलदार के अधिकारों का हस्तांतरण नगर पालिका निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत को लाइसेंस अथॉरिटी के रूप में किया गया था। नियमानुसार वर्तमान में साहूकारी लाइसेंस इन्हीं नगरीय एवं ग्रामीण निकायों द्वारा जारी किए जाने चाहिए। इसके बावजूद आष्टा नगर में नगर पालिका द्वारा लाइसेंस जारी नहीं किए जा रहे हैं तथा तहसील स्तर पर व्यापारियों से ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जिनका कानून में कहीं कोई उल्लेख नहीं है।

## सिंहस्थ में आष्टा की महती भूमिका रहेगी: स्वामी अवधेशानंद गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत के हृदय में बसा है और संत समाज के भी हृदय में विशेष स्थान रखता है। क्षिप्रा,पार्वती, नेवज और पापनाशिनी जैसी सलिलाओं के पुण्य प्रवाह में अवगाहन करती मालवा वासियों की निष्ठा और आष्टा की आस्था से सदैव अभिभूत हूँ। आस्था की नगरी आष्टा और वहाँ के भक्तजन सचमुच अनूठे हैं। यह उद्गार आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने सालासर बालाजी धाम राजस्थान में प्रभु प्रेमी संघ के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा में व्यक्त किये ।

प्रभु प्रेमीसंघ आष्टा के अनन्य सदस्य तथा प्रखर गुरु भक्त राजकुमार एवं जितेंद्र साहू ने परिवार सहित भेंट कर नगरवासियों की ओर से पूज्य स्वामी जी की चरण वंदना करके उन्हें आष्टा नगर पधारने का आमंत्रण दिया। साहू परिवार के राजकुमार साहू रीना साहू जितेंद्र साहू, शालिनी साहू एडवोकेट, मास्टर आनन्द,उत्सव के साथ ही संजय चौरसिया राहुल मेवाड़ा आदि ने भी अवधेशानन्द से भेंट कर नगर में हाल ही में प्रभुप्रेमी संघ के बैनर तले ये चमक ये दमक फुलवन में महक फेम पंडित सुधीर व्यास की भजन संध्या एवम सभी गतिविधियों का प्रतिवेदन देकर पूज्य स्वामी जी से सिंहस्थ के पूर्व नगर प्रवास का अनुरोध किया।

स्वामी जी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ में पूर्व के सिंहस्थ से बढ़कर आष्टा वासियों को श्रेष्ठ भूमिका मिलेगी उस हेतु सभी तैयार रहे। सिंहस्थ पूर्व ईश्वर ने चाहा तो मै संत समाज के साथ आष्टा में जरूर आऊंगा। प्रभु प्रेमी संघजी के संयोजक कैलाश परमार अध्यक्ष सुरेश पालीवाल महासचिव प्रदीप प्रगति ने स्वामी जी के इस आशीष को आष्टा का सौभाग्य निरूपित किया है।